सार-समाचार

होम्योपैथिक सप्ताह का समापन हुआ

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य गोविन्द सहाय शुक्ल की उपस्थिति मे संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी जोधपुर द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में होम्योपैथी सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। होम्योपैथी महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. गौरव नागर ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजक डॉ. गौरी शर्मा के द्वारा सप्ताह भर आयोजित शैक्षिणक एवं रचनात्मक गतिविधियां करवाई गई, कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ रील प्रतियोगिता से हुआ, जो प्रात: 9:30 बजे से 11 बजे तक आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने होम्योपैथी के सिद्धांतों, महत्व एवं जन-जागरूकता को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, प्रतियोगिता का संचालन एवं मूल्यांकन डॉ. सपना सालोदिया, डॉ. ऋषिकेश आचार्य, डॉ. दिव्या पांडे एवं डॉ. नरेन पटवा द्वारा किया गया। इसके पश्चात 11 बजे से 1 बजे तक केस प्रेजेंटेशन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने क्लिनिकल अनुभव, रोगियों के केस अध्ययन तथा होम्योपैथिक उपचार पद्धित को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया, इस सत्र का मार्गदर्शन डॉ. राजीव खन्ना, डॉ. नितेश जांगिड़ एवं डॉ. राजवीर सिंह द्वारा किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ कुलगुरु प्रोफेसर शुक्ल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। डॉ. सपना सालोदिया ने मंच संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. गौरव नागर द्वारा किया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। डॉ. गौरी शर्मा ने विशेष रूप से मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा एवं मीडिया समन्वयक डॉ. नरेन पटवा, डॉ. अभिषेक भारद्वाज तथा डॉ. प्रियंका कपूर का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

फसल खराबे का मुआवजा मांगा

फलोदी, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी की ओर से बुधवार को जिला कलेक्टर फलोदी को ज्ञापन सौंपकर बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल खराब होने पर प्रभावित किसानो को मुआवजा देने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की फसल खराबी का उचित मुआवजा दिलाने की मांग कर हाल ही के दिनों में राजस्थान में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ से भारी बारिश, ओलावृष्टि, आंधी-तूफान ने किसानों की कमर तोड कर रख दी। इस पश्चिमी विक्षोभ में फलोदी जिले के किसानों पर भी कहर बरपा है। जिसमें जीरा, ईसब गोल,रायडा,गेहूं आदि की फैसले बुरी तरह से प्रभावित हुई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलीम नागोरी ने बताया कि हमने कुछ समय पूर्व भी फसल खराबी को लेकर किसानों की पीडा को सडक से सिस्टम तक पहुंचाई जिसके बावजूद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई, न ही हमें पुन: अवगत कराया गया। जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जिला अध्यक्ष नागौरी ने बताया कि चाहे किसी भी दल की सरकार हो लेकिन सरकारी सिस्टम के लिए सामाजिक सरोकार प्रथम पायदान पर होना चाहिए, वो भी अन्न दाताओं/धरती पुत्रों की वेदना को किसी हालत में अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान प्राकृतिक प्रकोप की हालत में गरीब किसानों की दयनीय स्थिति को मध्य नजर रखते हुए हम गुजारिश करते है कि जिले मे विशेष गिरदावरी करवा कर फसल खराबी का किसानों को मुआवजा दिलाकर राहत प्रदान कराएं।

अवैध पिस्टल सहित दो गिरफ्तार

बालोतरा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रमेश के निर्देशन में अवैध हथियारों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गिडा थाना पुलिस ने बडी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकडे गए आरोपी न केवल हथियार तस्करी में लिप्त हैं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरी की वारदातों में भी वांछित चल रहे थे। जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को थानाधिकारी दलपत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दानपुरा होदी क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक अवैध हथियारों के साथ घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। पुलिस की वर्दी और वाहन को देखकर दोनों युवक खेतों की ओर भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि अशोक कुमार उर्फ अशु पुत्र गंगाराम जाट, निवासी नरसाली नाडी (बायतु)। खुमाराम-पुत्र खरथाराम जाट, निवासी पोटलियों की ढाणी, होडू (सिणधरी)। तलाशी के दौरान आरोपी अशोक के पास से एक अवैध पिस्टल और खुमाराम के पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक उर्फ अशु एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध बाडमेर, बालोतरा, सिरोही, जालोर, जोधपुर और पाली जैसे जिलों में चोरी के 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से सिणधरी, सायला, बालेसर और सोजत थानों की पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। वहीं, दूसरा आरोपी खुमाराम भी पाली और सिरोही जिलों में चोरी और आबकारी अधिनियम के मामलों में वांछित है।

नवीन सहायक अभियंता कार्यालय शुरू

पोकरण, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति सांकडा में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने विद्युत विभाग के नवीन सहायक अभियंता कार्यालय का फीता काट विधिवत शुभारंभ किया। विधायक महंत प्रतापपुरी कहा कि यह महत्वपूर्ण सौगात राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत क्षेत्र को मिली है, जो हमारी सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस नवीन कार्यालय की स्थापना से विद्युत संबंधी कार्यों का त्वरित एवं सुचारू निष्पादन सुनिश्चित होगा। जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ सेवाएं प्राप्त होंगी।लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा विद्युत सेवाओं के सुदृढीकरण एवं त्वरित समाधान की मांग की जा रही थी, जिसे अब इस कार्यालय के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। इस कार्यालय के शुरू होने से विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान पहले की तुलना में अधिक तेजी और सुगमता से हो सकेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में सहायक अभियंता सुनील मूलचंदानी, कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र सिंह, मनीष कुमार, नारायण सिंह, महिपाल विश्नोई, किशनाराम, गजानंद, दीपसिंह,नींबसिंह, मदनसिंह, हनुमानसिंह, डूंगर सिंह, चननाराम कुमावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोदी रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे

बालोतरा, (निसं)। प्रदेश के बालोतरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी का उद्घाटन 21 अप्रेल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। इससे प्रदेश को पेटोलियम क्षेत्र में नई सौगात मिलेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि यह रिफाइनरी प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सदढ बनाएगी। इस संबंध में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में बालोतरा, बाड़मेर, पाली और जोधपुर सहित विभिन्न जिलों के कलक्टर और पुलिस अधिक्षकों के साथ वीसी के माध्यम से जुडकर उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने वीआईपी प्रबंधन, आमजन के बैठने, पेयजल आदि के साथ सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की उचित व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों और जिला कलक्टरों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा वीसी के माध्यम से जुडे, साथ ही, खान एवं पैट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अर्पणा अरोडा, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, दिनेश कुमार सहित कई जने उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने की जून में अवकाश की मांग

सायला, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के तत्वावधान में बुधवार को शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश मंत्री मानसिंह श्योराण के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से जून माह की भीषण गर्मी के दौरान शिक्षकों के अवकाश को यथावत रखने की मांग की गई है। शिक्षकों ने तर्क दिया कि जून माह में राजस्थान में अत्यधिक गर्मी और लू का प्रकोप रहता है। ऐसी परिस्थितियों में विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराना लगभग असंभव होता है। यह न केवल शिक्षकों के लिए, बल्कि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। छात्रों के व्यापक हित और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की परंपरा को प्रभावी ढंग से लागू रखना आवश्यक है। यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसी कडी में आगामी 20 अप्रैल को जिला कलेक्टर जालौर एवं 18 अप्रैल 2026 को रामगंजमंडी (कोटा) में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान मानसिंह श्योराण (प्रदेश मंत्री), रघुवीर मेघवाल, गोरधन मीणा, सुबेसिंह, हरिप्रकाश मीणा, राजेश ऐचरा, राकेश गुर्जर, गोरव गुर्जर, हरकेश, रोहिताश, राजवीर, रामप्रसाद सहित शिक्षक और संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जोगनी खेड़ा व अजीतपुरा में 15 अवैध जल कनेक्शन हटाए

जालोर, (कासं)। वृहद नर्मदा पेयजल नहर आधारित परियोजना की मुख्य पाईप लाईनों पर किये गये अवैध जल कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नर्मदा परियोजना खण्ड जालोर के अधिशासी अभियन्ता धर्मचन्द सोनी के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता दिगम्बर सिंह व जितेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम जोगनी खेड़ा व अजीतपुरा में 15 अवैध कनेक्शन हटाए गए।

पीएचईडी परियोजना वृत सांचौर के अधीक्षण अभियन्ता लिच्छुराम चौधरी ने बताया कि नर्मदा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं पर किए गए अवैध जल कनेक्शनों को हटाने, पेनल्टी वसूल करने एवं कानूनी कार्यवाही करने के लिए परियोजना खण्ड प्रथम सांचौर के अधिशासी अभियन्ता भूरसिंह मीणा, परियोजना खण्ड जालोर के अधिशासी अभियन्ता धर्मचन्द सोनी एवं परियोजना खण्ड भीनमाल के अधिशासी अभियन्ता बलवीर सैनी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया हैं। ये टीमें अवैध कनेक्शन हटाने के साथ अवैध रुप से टैंकरों से पानी बेचने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करेगी। उन्होनें बताया कि अवैध कनेक्शन धारियों के विरूद्ध विभागीय दर से पेनल्टी राशि वसूलने एवं राजकीय संपति को नुकसान पहुँचाने (3 पीडीपी), पानी का बहाव बाधित करने, आमजन को पीने के पानी से वंचित करने एवं अवैध रूप से पानी चोरी कर व्यापार करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। इस कार्यवाही के लिए विभागीय टीमों द्वारा दिन एवं रात्रि के समय रैकी कर सूचना इकट्ठी की जाएगी। सम्पूर्ण क्षेत्र के गाँवों-ढाणियों में इस तरह के कृत्य करने वाले व्यक्तियों की सूची विभाग द्वारा गुप्त रूप से बनाई जा रही है।

उन्होंनें अपील की हैं कि यदि विभागीय पाइप लाइन से अवैध रूप से पानी चोरी किया जा रहा है तो वे स्वयं ही अवैध कनेक्शन, अवैध रूप से पानी का क्रय विक्रय करना बन्द कर लेवें अन्यथा पकडे.जाने पर ऐसे कृत्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने एवं पेनल्टी वसूली की कार्यवाही भी जाएगी।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आने वाले दिनों मे ऐसी कार्यवाही को और गति दी जाएगी साथ ही उन्होनें बताया कि सर्व साधारण अवैध कनेक्शनधारियों की सूचना वॉटसऐप पर भिजवा सकते हैं।

'पंचायत समिति सांकडा मुख्यालय करने का निर्णय मजबूत संकल्प का प्रतीक'

पोकरण, (निसं)। प्रदेश भाजपा सरकार के पंचायतीराज परिसीमन 2025 में पोकरण विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति सांकड़ा का मुख्यालय सांकडा करने पर बुधवार को पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

सैकडों की संख्या में लोगों ने बडी सौगात देने पर विधायक व भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने विधायक महंत का 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पंचायतीराज परिसीमन में सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मेरी टीम की मेहनत रंग लाई और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने नवीन ग्राम पंचायतें व पंचायत समितियां की घोषणा कर आमजन को बडी राहत दी।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सांकडा का मुख्यालय सांकडा घोषित होना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मजबूत राजनीतिक संकल्प का प्रतीक है। पंचायत समिति सांकडा का मुख्यालय करने की वर्षो से लंबित इस मांग को पूरा कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनभावनाओं का सम्मान ही हमारी प्राथमिकता है। सांकडा को मुख्यालय बनने से क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधा बढेगी, विकास कार्यों में गति आएगी और स्थानीय लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि पोकरण की जनता ने मुझे जनसेवा का जो मौका दिया उसको सभी के सहयोग से हमेशा प्रयासरत रहूंगा। सनातन धर्म की रक्षा के साथ में राजधर्म का भी पालन पूर्ण निष्ठा से करूंगा। पोकरण विधानसभा क्षेत्र में पानी और बिजली की जनसमस्याओं पर पिछले दो वर्षों में अथक प्रयासों से बेहतरीन कार्य हुआ जिसकी बदौलत आज हर घर तक पानी और बिजली की पहुंच है। प्रत्येक कार्य के लिए में हमेशा सार्थक प्रयास करूंगा।

स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मदनसिंह राठौड, सांकडा सरपंच प्रतिनिधि भोमसिंह राठौड, मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड, राजेंद्र सिंह, सरपंच रघुवीर सिंह, यशपाल सिंह, भीख सिंह, जीएसएस अध्यक्ष दुर्गसिंह राठौड, सालमसिंह राठौड, पंचायत समिति सदस्य पृथ्वीसिंह, मंडल उपाध्यक्ष जालमसिंह, मंडल महामंत्री इंद्रसिंह, डूंगरसिंह राठौड भोमसर, कैप्टन गोपालसिंह, चंद्रवीर सिंह, सूरज मल राठी, प्रकाश चावडा, चूनाराम, फकीराराम, मेराजसिंह, टीकमसिंह माली सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन ओमप्रकाश सुथार ने किया।

न्यायिक अधिकारियों ने जागरूकता शिविर लगाए

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में बताया।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने पुरोहित छात्रावास के पीछे स्थित एक निजी विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान उन्होंने रालसा की ओर से चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमें इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। अनजान लिंक पर कभी क्लिक नहीं करनी चाहिए साथ ही यदि फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया साइड पर कोई फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे तो जांच पडताल के बाद ही अनुमति देनी चाहिए।

इस दौरान उन्होंने साइबर दुर्व्यवहार क्या है, फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करने, अपमानजनक मीम और एडिटेड फोटो, धमकी भरे मैसेज और निजी चैट में गाली गलौच, ऑनलाइन पीछा करने, निजी जानकारी मांगने आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए इनके दुरूपयोग से बचने के तरीके बताए। इस दौरान सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्प लाइन नंबर सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के दिनेश कुमार चौधरी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इसी प्रकार प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अलीसा मंसुरी, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अक्षिता जैन ने भीनमाल रोड स्थित एक स्कूल में शिविर आयोजित किया। प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी प्रियंका बैरवा, पारूल जैन ने भी लाल पोल स्थित विद्यालय में शिविर का आयोजन साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए साथ ही विभिन्न कानूनों की जानकारी दी।

अरशान खान समर मिस्टर राजस्थान बने

जोधपुर, (कासं)। वेलफेयर कम्युनिटी सोसायटी और राजस्थान स्टेट बॉडीबिल्डिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 5 अप्रैल को बीकानेर में आयोजित हुई 5 वीं समर मिस्टर राजस्थान बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में जोधपुर के अरशान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर समर मिस्टर राजस्थान 2026 का खिताब अपने नाम किया।

जोधपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष रफीक अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता में जोधपुर के अन्य खिलाड़ी अशोक दासवानी ने 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक तथा सुनील सामरिया ने 100 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीतकर जोधपुर का नाम रोशन किया।

जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के तीन खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में शामिल

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के तीन खिलाड़ियों का भारतीय टीम के आज 9अप्रैल से इंदौर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में चयन हुआ है।

ज्ञात रहे कि 2011 में तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरिराजसिंह कुशवाह के प्रयासों से जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी की शुरुआत हुई जिसका लाभ जैसलमेर के कद काठी वाले युवाओं को निरंतर मिल रहा है। जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के अब तक 70 से अधिक खिलाड़ियों को खेल कोटे के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियां मिल चुकी हैं।

इंदौर शिविर में अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मोहम्मद रज़ा, भूपेंद्र सिंह राठौड़ एवं संस्कार सैनी का चयन अंडर-18 एशिया कप की साउथ एशियन बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के पूर्व प्रशिक्षण शिविर में हुआ है।

जिला खेल अधिकारी एवं अकादमी प्रभारी राकेश बिश्नोई ने बताया कि मोहम्मद रज़ा पूर्व में अंडर-16 यूथ एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने मालदीव में आयोजित साउथ एशियन बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही मंगोलिया में आयोजित यूथ एशिया कप में भी देश का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उल्लेखनीय यह है कि राजस्थान से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है सर्वाधिक तीन खिलाड़ियों का चयन जैसलमेर अकादमी से हुआ है, शेष एक सीकर और एक गंगानगर से है। यह जैसलमेर जिले के खेल विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। तीनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। इन्होंने वर्ष 2024 में कोलकाता में आयोजित यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में राज्या का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान भूपेंद्र सिंह राठौड़ को 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' का खिताब भी मिला।

इसके अतिरिक्त, तीनों खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स 2025, पटना (बिहार) में भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के लगातार उत्कृष्ट राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर ही उनका चयन भारतीय टीम के पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है।

अकादमी के प्रशिक्षक बिश्नोई ने बताया कि तीनों खिलाड़ी पिछले तीन वर्षों से नियमित एवं गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और इस दौरान अनेक राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक अर्जित कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि अब तक अकादमी के 9 खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

आसाना फांटे पर बाइक-कार भिड़ी

सायला, (निसं)। जालोर जिले के सायला पुलिस थाना के आसाना फांटे पर बुधवार को सडक हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। यहाँ एक बाइक और कार के बीच जोरदार भिडंत हो गई। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के करीब एक घंटे बाद कार में आग लग गई।

जानकारी के अनुसार बाइक से टकराने के करीब एक घंटे बाद ख?ी कार में अचानक शार्ट सर्किट हो गया। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही धुएं का गुब्बार दिख। आग लगते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर पर पानी की व्यवस्था की और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया

चौधरी छात्रावास भाद्राजून में कांग्रेस की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के चौधरी छात्रावास भाद्राजून में बुधवार को भाद्राजून ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस द्वारा संगठन बढाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान विधासभा प्रभारी डॉ संजीव राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र से खिलवाड की सारी हदें पार कर रही है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ पंचायत व निकाय चुनाव टाल रही है और दूसरी ओर एब्सेंट, शिफ्टेड एवं डेथ श्रेणी वाले मतदाताओं से भरी पुरानी वोटर लिस्ट के आधार पर चुनाव कराना चाहती है, जो पूरी तरह असंवैधानिक है।

बैठक में गलबाराम मीणा ने बताया कि निकाय एवं पंचायत में एक वर्ष से अधिक समय से चुनाव नहीं कराए गए, और उनकी जगह सरकारी प्रशासकों की नियुक्ति की गई, यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। 73वें और 74वें संविधान संशोधनों की मूल भावना विकेंद्रीकरण, स्थानीय स्वशासन और जनता की भागीदारी को इस प्रकार कुचलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता इस जन जागरण अभियान के माध्यम से आमजन को जागरूक कर पर्ची सरकार की विफलताओं पर कडा प्रहार करेगा।

इस दौरान पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, संगठन महासचिव विरेन्द्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार, महिला जिलाध्यक्ष संतोष कंवर, ब्लॉक महासचिव वागाराम मेघवाल, मंडल अध्यक्ष खुशाल सिंह राजपुरोहित, पुखराज मेघवाल, भरतसिंह राजपुरोहित, गणपत शर्मा, पन्नाराम चौधरी,अल्लाह बख्श, उकाराम मेघवाल, ताराराम चौधरी, रणछोडराम मेघवाल, रमेश कुमार, युसुफ खान, दिनेश,मेहराराम चौधरी, इदू खां, मोहनराम मीणा,बरगद खां, भंवर चौधरी, झालाराम चौधरी, सुरेश चौधरी, गोविंद, कालूराम, भलाराम, भैराराम,धींबाराम, कैलाश, बाबूराम सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

पाली में कारागृह का निरीक्षण

पाली,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी, पाली द्वारा बुधवार को जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान 107 बंदी जिला कारागृह में निरूद्ध मिले। सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु सचिव भाटी द्वारा कारागृह में नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में बताया। सचिव भाटी द्वारा बंदियों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में पूछा तथा नवआगन्तुक बंदियों से वार्तालाप कर वक्त घटना/आरोपित अपराध के समय उनकी आयु के संबंध में जानकारी ली गई। सभी बन्दी की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा इमरजेन्सी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है। कारापाल जिला कारागृह जोराराम, जेल विजिटिंग लॉयर अल्ताफ हुसैन, अधिकार मित्र मांगीलाल तंवर आदि उपस्थित रहे।

कारलू के बोटेश्वर महादेव में महोत्सव 22 से

भीनमाल, (निसं)। निकटवर्ती कारलू गांव स्थित बोटेश्वर महादेव मंदिर में नवनिर्मित यज्ञशाला एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की जा रही है और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

बुधवार को यज्ञशाला पर विधिवत कलश स्थापना,धर्मध्वजा एवं ध्वजा पताका की स्थापना की गई। इस अवसर पर गजीपुरा के महंत प्रेमभारती महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठा आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। वहीं पंडित दिनेश दवे कारलू द्वारा विधि-विधान से आमंत्रण पत्रिका की पूजा-अर्चना संपन्न करवाई गई।

महोत्सव को लेकर गांव के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ठामीण लगातार मंदिर परिसर पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। इस तीन दिवसीय महोत्सव में क्षेत्रभर से श्रद्धाल बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

जनसुनवाई आज

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन होगा। जानकारी कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी दी।

सांसद बेनीवाल ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की नियमित और सार्थक समीक्षा से आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हो रहा है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी स यिता और समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आमजन को राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सांसद ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई त्रुटियों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए तथा सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पेयजल उपलब्धता के प्रयासों में तेजी लाने और जल संकट वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं समय रहते करने के निर्देश दिए।

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर चर्चा करते हुए सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक बिजली पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी परिवार विद्युत सुविधा से वंचित नहीं रहे। उन्होंने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए सुधारात्मक कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया।

कृषि क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सांसद बेनीवाल ने कहा कि जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही कृषि आदान अनुदान सहायता राशि समय पर किसानों तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

सडक निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद बेनीवाल ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत स्वीकृत बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें तथा कार्यादेश के अनुसार सभी परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक के अंत में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराम कलबी, सदस्य एवं गिडा पंचायत पूर्व प्रधान लक्ष्मणराम डेलू, सदस्य एवं सिवाना पूर्व प्रधान निवर्तमान जिला परिषद् सदस्य गरिमा राजपुरोहित, दिशा सदस्य एवं प्रदेश सरपंच कार्यकारी अध्यक्ष सरपंच रोशन अली छीपा, बालोतरा सरपंच संघ अध्यक्ष एवं सदस्य हंसराज गोदारा, राजूराम मेघवाल, जैसाराम लेगा समेत संबंधित कई जने उपस्थित रहे।

ज्ञापन दिया

रेवदर, (निसं)। फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम 2022 के नियम शीघ्र बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिरोही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम 2022 आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक नियम अभी तक पूर्ण रूप से अधिसूचित नहीं किए गए हैं।

परीक्षाएं स्थगित करने की मांग

जालोर, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में एम.ए. इतिहास प्रथम सेमेस्टर की 15 अप्रैल एवं 20 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करने की मांग को लेकर छात्रों ने कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक के नाम प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय आहोर को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि 15 अप्रैल को आधुनिक एशिया का इतिहास विषय की परीक्षा के दिन मीणा समाज का विशाल आस्था पर्व गौतम ऋषि महादेव मेला, चोटिला (सिरोही) आयोजित हो रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। ऐसे में बडी संख्या में विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे।

नोटिस तारीख पेशी

अज अदालत सहायक कलेक्टर, आहोर मुकाम आहोर, जिला-जालोर (राज.)

सीतादेवी बनाम उकाराम वगैरा..

मुकदमा नम्बर A 145 सन् 2025

बाबत-राजस्थान अभिधृति 1955 की धारा 251-क उप धारा (1) के अधीन अनुज्ञा के लिए आवेदन

बनाम

8 हंजा पुत्री भीमा, जाति चौधरी, निवासी नरसाणा, तहसील व जिला जालोर (राज.), 9 छताराम पुत्र पदमा, 10 जवू पत्नि पदमा, 12 नेनाराम पुत्र पदमा, 13 भूराराम पुत्र पदमा, 14 मसराराम पुत्र पदमा, 15 दौलतसिंह दतक पुत्र केशरसिंह, जाति राजपूत, निवासी देबावास, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.) 16/3 कुयाराम पुत्र निम्बाराम जाति चौधरी, निवासी नरसाणा, तहसील व जिला जालोर (राज.) जरिये हाजा इत्तला दी जाती है कि मुकद्मे मुन्दज की पेशी वास्ते... जवाब एवं पैरवी हेतु।

तारीख 20 माह 04 सन् 2026 को मुकर्रर की गई है।

तारीख 08 माह 04 सन् 2026

मोहर अदालत — सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर, जिला-जालोर (राज.)

सम्मन बनाम मुद्दायलाल बिनावर कायमी तनकीहात

(आर्डर 5 रूल 1 व 5, जाब्ता दिवानी)

अज अदालत सहायक कलेक्टर जालोर जिला जालोर

इजलास मनोज चौधरी R.A.S.

मुद्दई किशनलाल मुद्दायलाह धीरीया वगैरा

दावा बाबत् बंटवाडा एवं स्थायी निषेधाज्ञा

राजस्व मूल मुकदमा नं.202602124200019/2026

बनाम-धीरीया पुत्र मोती, जाति बागरी, निवासी सुमेरगढ, तहसील व जिला जालोर हरगाह कि वादी किशनलाल पुत्र गोपाराम ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत बंटवाडा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 06 माह 05 सन् 2026 को 10:00 AM बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन मारफत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाकिफ किया गया हो व कुल अमूर अहम मुतालिके का जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसे कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमये दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तकवाल करना चाहते हो उस दिन पेश करों।

आगाह कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर नही हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत मे आज तारीख 01 माह 04 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर (एस.डी.ओ.) जालोर

सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीयात

(ओ. 5 रूल 1 व जाब्ता दीवानी)

अज अदालत सहायक कलेक्टर, आहोर

इजलास रोहित चौहान मुकाम आहोर, जिला जालोर

मुदई मनोजकुमार वगैरा बनाम मुद्दायलाह किरणकंवर वगैरा दावा बाबत्-बंटवाडा व स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

मुकदमा नम्बर राजस्व वाद संख्या-2025/220

मुसम्मी-

1. किरणकंवर पत्नि दशरथसिंह, जाति जाति राजपूत, निवासी मोरू, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)
2. गटटूकंवर पत्नि उतमसिंह, जाति राजपूत, निवासी मोरू, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)
3. सायकंवर पत्नि भंवरसिंह, जाति राजपूत, निवासी मोरू, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)
4. प्रहलादसिंह पुत्र विजयसिंह, जाति राजपूत, निवासी अगवरी, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)
5. पुष्पेन्द्र कंवर पत्नि अभिमन्युसिंह, जाति राजपूत, निवासी मोरू, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)

हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् बंटवाडा व स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम यहां दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिए तारीख 11 माह 05 सन् 2026 को 10.00 बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमे से वाकिफ किया गया हो व कुल अमूर अदम मुताविक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवाला का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो। आगाह रहो कि अगर बरोज मजकुर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 06 माह 04 सन 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत — सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर, जिला जालोर (राज.)